भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. †1952**
31 जुलाई, 2025 को उत्तर देने के लिए

**कर्नाटक में मेगा फूड पार्क**

**†1952. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** कर्नाटक में मेगा फूड पार्कों की संख्या कितनी है;

**(ख)** कर्नाटक राज्य में संचालित मेगा फूड पार्कों की संख्या कितनी है साथ ही इन मेगा फूड पार्कों के लिए कुल कितना निवेश किया गया, कितना प्राप्त हुआ और कितना प्राप्त होने की अपेक्षा है;

**(ग)** कर्नाटक में इन फुड पार्कों में अब तक सृजित रोजगार का ब्यौरा क्या है; और

**(घ)** सरकार द्वारा मेगा फूड पार्कों की स्थापना में नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क) से (घ):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, खेत से बाज़ार तक मूल्य श्रृंखला के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए आधुनिक अवसंरचना के निर्माण हेतु प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमएसकेवाई) की एक घटक योजना, मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपीएस) का कार्यान्वयन कर रहा है। 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान प्रतिबद्ध देनदारियों के प्रावधान के साथ, सरकार द्वारा 01.04.2021 से इस योजना को बंद कर दिया गया है। कर्नाटक राज्य में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। कर्नाटक राज्य में एमएफपी योजना के अंतर्गत स्वीकृत मेगा फूड पार्कों की स्थिति का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

मेसर्स इंटीग्रेटेड फ़ूड पार्क लिमिटेड, तुमकुर, कर्नाटक की विशेष कार्यरत प्रयोजन इकाई (एसपीवी), ने ₹280.4 करोड़ का निवेश किया है। इसके अतिरिक्त, अब तक लगभग ₹270 करोड़ का निवेश प्राप्त हो चुका है और निकट भविष्य में ₹85 करोड़ का निवेश प्राप्त होने का अनुमान है। इस परियोजना ने अब तक 4,000 व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किया है।

मेगा फूड पार्क (एमएफपी) हब और स्पोक्स मॉडल पर आधारित क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण के साथ खेत से बाजार तक मूल्य श्रृंखला के साथ खाद्य प्रसंस्करण के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचागत सुविधाएँ प्रदान करता है। इसमें प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्रों (पीपीसी) और संग्रह केंद्रों (सीसी) के रूप में खेत के पास प्राथमिक प्रसंस्करण और भंडारण के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण और केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में सामान्य सुविधाएं और सहायक बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है। ये पीपीसी और सीसी केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र में स्थित प्रसंस्करण इकाइयों को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए एकत्रीकरण और भंडारण बिंदुओं के रूप में कार्य करते हैं। मेगा फूड पार्कों में सड़क, बिजली और पानी की आपूर्ति आदि जैसे सहायक बुनियादी ढांचे के अलावा कोल्ड स्टोर, वेयरहाउस, सामान्य प्रसंस्करण सुविधाएं आदि जैसी सामान्य सुविधाएं भी होती हैं।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 31 जुलाई 2025 को उत्तर हेतु कर्नाटक में मेगा फूड पार्क के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1952 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| **एसपीवी/ आईए नाम** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **जिले का नाम** | **अंतिम अनुमोदन की तिथि** | **कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में)** | **स्वीकृत अनुदान (करोड़ रुपये में)** | **जारी अनुदान (करोड़ रुपये में)** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इंटीग्रेटेड फूड पार्क लिमिटेड | कर्नाटक | तुमकुर | 29-मार्च-11 | 144.33 | 48.72 | 48.72 | प्रचालित |
| फेवोरिच इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड | कर्नाटक | मंड्या | 19-दिसंबर-17 | 113.83 | 50 | 37.57 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |